## मनपा की स्मार्ट सिटी को मिला राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

# देश के शीर्ष 10 शहरों में ठाणे

■ **ठाणे, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** भारत सरकार के स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत आयोजित 'ओपन डेटा वीक' प्रतियोगिता में ठाणे स्मार्ट सिटी को देश के 100 शहरों में से शीर्ष 10 शहरों में शामिल किया गया है. मनपा आयुक्त डॉ. विपिन शर्मा के मार्गदर्शन में स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप मालवी ने मंगलवार को सूरत में आयोजित एक समारोह में पुरस्कार स्वीकार किया.

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने नागरिकों के सुझाव प्राप्त करने के लिए एक ओपन डेटा वीक प्रतियोगिता का आयोजन किया था. तदनुसार, ठाणे शहर में इस ओपन डेटा वीक का आयोजन ठाणे मनपा आयुक्त डॉ. विपिन शर्मा के मार्गदर्शन में और तत्कालीन महापौर नरेश गणपत म्हस्के की उपस्थिति में सरकार की ओपन डेटा नीति को बढ़ावा देने के लिए किया गया था. इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्मार्ट सिटी ओपन डेटा पोर्टल को समृद्ध करने के लिए स्मार्ट सिटी द्वारा गुणवत्ता वाले डेटासेट, डेटा स्टोरी, ब्लॉग और एपीआई अपलोड किए गए थे.



**100** शहरों का स्पर्धा में था समावेश

**70** से अधिक डेटा सेट किए थे अपलोड

**10** शहरों में शामिल किया गया है




### नागरिकों ने इस्तेमाल करने में की मदद

■ इसी क्रम में मनपा आयुक्त डॉ. विपिन शर्मा के मार्गदर्शन में ठाणे स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप मालवी के नेतृत्व में ठाणे महानगर पालिका के अन्य विभागों द्वारा स्मार्ट सिटी ओपन डेटा पोर्टल पर 70 से अधिक डेटा सेट अपलोड किए गए थे या ठाणे शहर के नागरिकों ने जरूरत के हिसाब से इसका इस्तेमाल करने में मदद की है.

■ भारत सरकार के स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत सूरत में आयोजित पुरस्कार समारोह में मुख्य सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी स्वरूप कुलकर्णी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी नितिन डुंबरे, स्मार्ट सिटी सलाहकार कैलास पाटिल, अमोल कुंभार और अन्य मौजूद थे.

## अवैध निर्माणों पर KDMC की तोड़ू कार्रवाई



**कल्याण.** कल्याण- डोंबिवली के मनपा आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी के निर्देशानुसार मनपा क्षेत्र में तोड़ू कार्रवाई जारी हैं. मंगलवार को ई-वार्ड में सहायक आयुक्त भरत पवार के नेतृत्व में नंदीवली, भोपर रोड व चर्च स्ट्रीट में बने अवैध निर्माण को निष्कासित कर दिया. यह कार्रवाई मनपा के कर्मचारियों द्वारा जेसीबी व 4 कंप्रेसर की मदद से की गई.

इसी तरह ग-वार्ड में सहायक आयुक्त राजेश सावंत के नेतृत्व में आयरेगांव स्थित अवैध इमारत को तोड़ा गया. जिसके लिए ब्रेकर व जेसीबी का इस्तेमाल किया गया. वहीं आई वार्ड के सहायक आयुक्त संजय साबले द्वारा कल्याण पूर्व स्थित चिंचपाड़ा में तोड़ू कार्रवाई की गई.

# चचेरे भाईयों ने कराई भाई की हत्या

■ **ठाणे, (सं.)** जिस युवक के गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी, उसकी पैतृक संपत्ति को लेकर हुए वाद विवाद में हत्या कर दिए जाने का मामला उजागर हुआ है. डायघर पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर 3 को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार दहिसर मोरी स्थित वाकलन गांव निवासी मंगेश मारुति पाटील (25) अचानक घर से लापता हो गया था.जिसकी इधर उधर खोजबीन के बाद परिजनों द्वारा 12 अप्रैल को उसके लापता होने की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी. पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर ही रही थी कि मुरबाड रोड पर एक युवक का शव मिलने सूचना मिली, जिसकी बेरहमी पूर्वक हत्या कर दी गई थी. लापता मंगेश के परिजनों द्वारा शिनाख्त किए जाने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर गहन छानबीन शुरू की तो चचेरे भाइयों के बीच जमीन वाद विवाद का मामला प्रकाश में आया. पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई अक्षय पाटील से कड़ाई से पूछताछ की तो इस मामले का भंडाफोड़ हो गया.



**50** हजार की सुपारी दीया था

**03** आरोपी गिरफ्तार

अक्षय ने मंगेश की हत्या करने के लिए कल्याण तथा उल्हासनगर के रहने वाले 4 युवकों को 50 हजार की सुपारी दिया था. आरोपियों ने जमीन वाद विवाद को बातचीत से हल करने के नाम पर मंगेश को बुलाया और उल्हासनगर मुरबाड रोड पर ले जाकर उसकी बेरहमी पूर्वक हत्या कर डाली. हत्या करने के बाद आरोपियों ने शव को एक घनी झड़ी में फेंक दिया और फरार हो गए. डायघर पुलिस ने प्रवीण जगताप व राहुल सूर्यवंशी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. मामले की जांच पुलिस निरीक्षक जी एम मुजावर कर रहे हैं.

**टाटा स्मारक केंद्र**
**टाटा स्मारक अस्पताल**
(परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार अंतर्गत एक अनुदानित संस्थान)
डॉ. ई. बोर्जेस मार्ग, परेल, मुंबई-400 012
क्र. टीएमएच/टीएमएच/2022-23/सीएपी/पीटी/0001 से टीएमएच/एमयूएल/2022-23/सीएपी/पीटी/0016
**सार्वजनिक निविदा सूचना-01** दि. 18.04.2022
निदेशक, टाटा स्मारक केंद्र, मुंबई द्वारा "चिकित्सा उपकरण की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परिचालन और अनुरक्षण" हेतु मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) अथवा अधिकृत विक्रेताओं से तकनीकी एवं वित्तीय बोलियां आमंत्रित की जाती हैं. सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज का सेट https://tmc.gov.in पर उपलब्ध है.
निविदा क्र. टीएमएच/टीएमएच/2022-23/सीएपी/पीटी/0001 से टीएमएच/एमयूएल/ 2022-23/सीएपी/पीटी/0016
निविदा की आरंभिक तिथि : 18.04.2022
जमा करने की तिथि : 19.05.2022 को सायं. 4.00 बजे तक
भाग I तकनीकी बोली खुलने की तिथि एवं समय : 20.05.2022 को सुबह 10.30 बजे से
क्रय अधिकारी

### QUICK NEWS

#### गोदाम में लगी भीषण आग

**भिवंडी.** राहनाल गांव स्थित गौरीबाई कंपाउंड की गोदाम में भीषण आग लगने की घटना घटित हुई है. आगजनी की सूचना मिलने के बाद भिवंडी महानगरपालिका की 2 दमकल गाड़ियां और एक वाटर टैंकर की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था. आग इतनी भयानक थी कि इसका धुआ आसपास के परिसर में फैल गया था, जिसके कारण स्थानिकों को सांस लेने में दिक्कत महसूस हो रही थी. उक्त गोदाम में जूस बनाने सहित अन्य कई प्रकार के सामग्री रखा गया था. आग कैसे लगी अभी तक तक इसकी जानकारी नहीं प्राप्त हुई है. खबर लिखे जाने तक नारपोली पुलिस व दमकल के जावन घटनास्थल पर आग बुझाने में जुटे हुए थे.

#### 10 लाख के गहनों की चोरी

**ठाणे.** बंद घरों की कड़ी तोड़कर चोर आभूषण व नगदी समेत करीब 10 लाख रुपए का माल समेट कर पलायन कर गए. पहली घटना कलवा में तथा दूसरी घोडबंदर रोड परिसर में हुई बताई गई है, जिसको लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है.

### नवी मुंबई मनपा ने जारी की सूची

# 475 इमारतें खतरनाक घोषित

#### इमारतों का कराना होगा स्ट्रक्चरल ऑडिट

■ **नवी मुंबई, (का. प्र.)** वर्ष 2021-22 के लिए नवी मुंबई महानगरपालिका के तहत आने वाले क्षेत्र की खतरनाक इमारतों का सर्वेक्षण किया गया है. इस सर्वेक्षण में 475 इमारतें 30 वर्ष से ज्यादा पुरानी पाई गई हैं, जिन्हें मनपा द्वारा खतरनाक घोषित किया गया है. मौजूदा समय में उपयोग में आने वाली इन सभी इमारतों का अब नवी मुंबई मनपा के साथ पंजीकृत भवन निर्माण क्षेत्र के इंजीनियर या स्ट्रक्चरल इंजीनियर द्वारा स्ट्रक्चरल ऑडिट से कराना पड़ेगा.

बता दें कि मनपा द्वारा खतरनाक घोषित उक्त इमारतों का 30 वर्ष से अधिक समय तक उपयोग के हिसाब से तिथि की गणना की जाएगी. इन इमारतों के लिए नियुक्त किए गए संरचनात्मक अभियंता द्वारा अनुशंसित मरम्मत कार्य पूरा होने का प्रमाण पत्र और निर्माण की स्थिति रिपोर्ट एनएमएमसी के संबंधित विभाग में देना अनिवार्य किया गया है. इसके लिए नवी मुंबई द्वारा वेबसाइट www.nmmc.gov.in पर स्ट्रक्चरल इंजीनियरों की सूची उपलब्ध कराई है. इस मामले में यदि किसी ने आनाकानी की तो महाराष्ट्र मनपा के अधिनियम की धारा 398 (ए) के तहत उस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है.30 वर्ष से अधिक समय से पूर्ण हो चुकी इमारतों की संरचनात्मक जांच 30.9.2022 से पहले कराने का निर्देश मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर द्वारा जारी किया गया है.



**30** वर्ष से ज्यादा पुरानी इमारतों का समावेश

#### इस्तेमाल बंद करने की अपील

■ इस अवधि के दौरान मनपा के संबंधित विभाग के सहायक आयुक्त एवं संभागीय अधिकारी एवं सहायक नगररचनाकार को इमारत के रहने योग्य होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना है.

■ इस मामले में मनपा आयुक्त बांगर द्वारा नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे खतरनाक इमारतों या घरों का इस्तेमाल तत्काल बंद करें, क्योंकि इससे जान-माल का नुकसान हो सकता है.

■ यदि किसी तरह की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना हुई तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी.

# चोरी के 11 मामलों का पर्दाफाश

### पौने 13 लाख का माल बरामद

■ **भिवंडी, (सं.)** भिवंडी शहर अंतर्गत शांति नगर पुलिस स्टेशन के परिसर में बढ़ती हुई चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने और आरोपियों को गिरफ्तार करने का कड़ा आदेश भिवंडी पुलिस उपायुक्त योगेश चव्हाण ने दिया था, जिसके तहत शांतिनगर पुलिस टीम ने वाहन व घर चोरी के 11 मामलों का पर्दाफाश करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने इनके पास से 12 लाख 88 हजार 150 रुपए का माल बरामद किया है. जांच टीम के प्रमुख पुलिस उप निरीक्षक रविंद्र पाटील ने बताया कि गिरफ्तार कुल 8 आरोपियों में से 3 आरोपी को जमानत मिल गई गई है. शांतिनगर पुलिस स्टेशन में आयोजित पत्रकार परिषद में भिवंडी पुलिस उपायुक्त योगेश चव्हाण ने बताया कि शांतिनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शीतल राऊत के मार्गदर्शन में जांच दल के पुलिस उप निरीक्षक रविंद्र पाटील व उनकी टीम ने बिलाल अहमद सलीम अंसारी को हिरासत में लेकर 4 चोरी के मामलों का पर्दाफाश किया है. वहीं अशफाक शाह,खालिद अब्दुल, कासिम खान ,बबलू चिकना और पिंटू केसरवानी वहीं शहनवाज उर्फ हुसैन व आरिफ नूर मोहम्मद शेख को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने इन आरोपियों के पास से कपड़े के थान, कीमती सामान और 3 वाहन बरामद किया है. पुलिस के हाथ लगे इन आरोपियों से चोरी की कई घटनाओं की जानकारी मिली है.



**08** आरोपी गिरफ्तार

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा सूचना**
भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई द्वारा निम्नलिखित के लिए ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जा रही है:

| क्र. सं. | कार्य का नाम | इवेंट नंबर | अनुमानित लागत | ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | संविदा की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुंबई में भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय कार्यालय भवन, अमर भवन, भायखला, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, और कफ परेड (WTC) स्थित कार्यालय परिसर में कर्मचारियों के कैंटीन में खानपान सेवाएँ | RBI/Mumbai/HRMD/1/22-23/ET/15 | ₹1 करोड़ प्रति वर्ष | 23 मई 2022 | 1 वर्ष |

पात्रता से संबन्धित संपूर्ण विवरण के साथ निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in अथवा www.mstcecommerce.com/eprochome देखें।
उपर्युक्त निविदा के संबंध में अन्य स्पष्टीकरण/ परिशिष्ट/ शुद्धिपत्र आदि हमारी बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in और www.mstcecommerce.com/eprochome पर ही प्रकाशित किए जाएंगे।
बैंक द्वारा बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने अथवा निविदा को रद्द करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखा जाता है।
मुंबई क्षेत्रीय निदेशक
"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"

**Government of Maharashtra**
**Public Work Department**
**Executive Engineer, P. W. North Division, Ratnagiri**
**E-TENDER NOTICE NO. 08 FOR 2022-2023**
Online Tenders (e-tender) in "B-1" form for the work is invited by the Executive Engineer, Public Work North Division, Ratnagiri (Phone No. (02352) 223505 on Government of Maharashtra Electronic Tender Management System, http://mahatenders.gov.in from the Approriate Contractor.
**Name of Work :-**

| | |
|---|---|
| 1 | Flood Damage Repairs to Vithapeth Malakpur Anuskura Oni Satwali Pawas road **S.H-150 Km. 159/800 to 161/00 Tal. Rajapur. Tender Cost Rs. 2,18,70,418/-** |

and the details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Maharashtra e-tendering **Portal** **http://mahatenders.gov.in** and **www.mahapwd.gov.in**
**No. NRD/AB/TC/08/2838** Sd/-
Office of the Executive Engineer, North Ratnagiri P.W. Division, Ratnagiri.
**Executive Engineer** North Ratnagiri P.W. Division Ratnagiri.
**Date :- 13/04/2022** DGIPR 2022/2023/206

# राकांईयों ने लगाई 'श्री राम, जय राम' की होर्डिंग

■ **ठाणे, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** पेट्रोल,डीजल और रसोई गैस की बढ़ी कीमतों व बढ़ती महंगाई को लेकर ठाणे राकां ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है. शहर अध्यक्ष आनंद परांजपे ने भाजपा द्वारा लगाए जाने वाले जय श्रीराम के नारे पर तंज कसते हुए कहा है कि आज बढ़ती महंगाई के चलते आम लोगो का जीवन मुश्किल हो गया है और गरीबों के आत्महत्या करने की नौबत आ पड़ी है. ऐसे में अब 'राम नाम सत्य', 'श्री राम जय राम जय जय राम' कहने का समय आ गया है. उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्य के गृह निर्माण मंत्री डॉ.जितेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न भागों में राकां द्वारा उक्त तरह के बैनर लगाए गए हैं.



राकां द्वारा लगाए गए बैनर में साल 2014 के रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल के दामों की तुलना 2022 से की गई है और लगातार बढ़ी बृद्धि को दर्शाया गया है. 2014 में पेट्रोल की कीमत 71 रुपए थी. तो अब वे 121 रुपए में घर गए हैं. 2014 में डीजल 56 रुपए था. अब यह बढ़कर 2014 में एक गैस सिलेंडर की कीमत 410 रुपए थी, जिसकी कीमत अब 950 रुपए है. परांजपे ने भाजपा पर हमला बोलते हुए प्रभु राम के नाम पर देश मे धर्मिक उन्माद को बढ़ावा देने और महंगाई के मुद्दे से लोगो का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया साथ ही एमएनएस मुखिया राज ठाकरे द्वारा अपनी सभा मे भाजपा को लेकर चुप्पी साधने तथा दिनोंदिन बढ़ती महंगाई पर एक शब्द भी न बोलने को लेकर राज ठाकरे की जमकर खिंचाई की.

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**Bank of Baroda**
**हमारे बहुमूल्य ग्राहकों के ध्यानाकर्षण हेतु**
हमारे ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ सेवाओं को मजबूत और सुदृढ करने के हमारे संकल्प के अनुसार हम नेपियनसी रोड शाखा को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार स्थानांतरण का प्रस्ताव करते हैं।

| शाखा का नाम | वर्तमान पता | नया पता |
|---|---|---|
| नेपियनसी रोड शाखा | **बैंक ऑफ बड़ौदा, नेपियनसी रोड शाखा,** सिद्धार्थ अपा., 21 जे एम मेहता मार्ग, नेपियनसी रोड, मुंबई 400026 | **बैंक ऑफ बड़ौदा, नेपियनसी रोड शाखा,** स्वप्न लोक, एल. जे. मार्ग नेपियनसी रोड, मुंबई 400 026 |

नेपियनसी रोड शाखा नए पते पर दिनांक 19.05.2022 से कार्य प्रारंभ कर देगी और उक्त परिसर से सभी प्रकार के बैंकिंग व्यवसाय को पूरा करेगी। हम अपनी बीओबी नेपियनसी रोड शाखा के सभी लॉकरधारक ग्राहकों को यह भी सूचित करना चाहते हैं कि मौजूदा परिसर से लॉकर का संचालन जारी रहेगा।
इस संबंध में आपको हुई असुविधा के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं और आपको हर समय हमारी सर्वोत्तम सेवाओं का आश्वासन देते हैं।
स्थान : मुंबई
दिनांक : 20.04.2022
उप महाप्रबंधक
बैंक ऑफ बड़ौदा
मुंबई मेट्रो दक्षिण क्षेत्र

**फैसला** ठाणे ट्रैफिक पुलिस का नया फंडा

# नियम तोड़ने वालों से करवाएगी जनजागृति

■ **ठाणे, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** केंद्र सरकार का नया मोटर व्हीकल कानून सभी राज्यों में लागू किया जा रहा है. वहीं ठाणे जिले में मनचले वाहन चालक ट्रैफिक नियमों को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे है. ऐसे मनचले वाहन चालकों को सबक सिखाने के लिए ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने नया फंडा अपनाया है. इस फंडे के तहत ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालक को स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर सिग्नल नाकों पर खड़े रहकर ट्रैफिक नियमों के प्रति वाहन चालकों में जनजागृति करनी होगी.

ठाणे ट्रैफीक पुलिस के मुताबिक जो नियम तोड़ेगा वही उस नियम को सीखकर अन्य वाहन चालकों को नियमों को सिखाएगा. इससे वाहन चालक नियमों के पालन की सीख लेंगे और अन्य को भी सिखाएंगे. बता दें कि केंद्र सरकार के नए मोटर व्हीकल एक्ट का क्रियान्वयन पूरे राज्य में शुरू हो गया है. नया कानून नियमों का उल्लंघन करने पर 2 गुना जुर्माना लगाता है. ई-चालान प्रक्रिया के कारण कार्रवाई होने के बावजूद भी नियमों का उल्लंघन जारी है, क्योंकि इसमें वाहन चालकों को किसी भी समय जुर्माना भरने का प्रावधान है.



नियम तोड़नेवाले व्यक्ति के पास दो रास्ते होंगे. पहला वाहनचालक जुर्माना तुरंत भरे या फिर नाके पर 15 से 20 मिनट खड़े रहकर अन्य वाहमचालकों को नियम पालन करने का उपदेश दे.
**- बालासाहेब पाटिल,** उपायुक्त, ठाणे ट्रैफिक पुलिस

#### हाथों में दिया जाएगा बैनर

मिली जानकारी के मुताबिक ठाणे में सिग्नल नाकों पर ट्रैफिक पुलिस के जवान और कुछ वालंटियर तैनात रहेंगे. बाइक चलाते समय और रेड सिग्नल पार करते समय हेलमेट पहनने से परहेज करने वाले चालकों को पुलिस द्वारा रोका जाएगा. उसके बाद इन नियमों को तोड़ने वाले चालकों को 15 से 20 मिनट तक सिग्नल एरिया में खड़ा रखकर जागरूक कराने का काम कराया जाएगा. उनके हाथों में एक बैनर भी दिया जाएगा. उन पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा. इसलिए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को अपना कीमती समय सिग्नल क्षेत्र में बिताना होगा. जो वाहन चालक जागरूकता नहीं फैलाना चाहते हैं, उनसे उसी स्थान पर जुर्माना लगाया जाएगा.

ठाणे शहर में उल्लंघन करने वालों की संख्या हर महीने हजारों में है. ऐसे और भी लोग हैं जो बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने से बचते हैं और जो सिग्नल लाल होने पर भी उसे पार कर जाते हैं. इसलिए ऐसे चालकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए नए कदम उठाए गए हैं.

**NATIONAL RAIL AND TRANSPORTATION INSTITUTE**
(A Deemed to be University established by Government of India in 2018)
NAIR Campus,Lalbaug, Vadodara 390004 (Gujarat)
NRTI/REG/ADM/2022-23 18.04.2022
**ADMISSION NOTICE**
NRTI invites applications for admission to the following Academic Programmes for the AY 2022-23 :
**Undergraduate Programmes :**
1. BBA in Transportation Management -(3 years)
2. BSc in Transportation Technology -(3 years)
3. B.Tech. (Rail Infrastructure Engineering) - (4 years)
4. B.Tech. (Rail Systems & Communication Engineering)- (4 years)
5. B.Tech. (Mechanical and Rail Engineering) - (4 years) at NRTI & IRIMEE, Jamalpur.
**Postgraduate Programmes:**
1. MBA (Transport Economics & Management)
2. MBA (Logistics &Supply Chain Management)
3. MSc in Transport Technology and Policy
4. MSc in Transport Information Systems and Analytics
5. MSc in Railway Systems Engineering & Integration (International Degree Programme offered in collaboration with University of Birmingham, UK)
**HIGHLIGHTS OF NRTI AND PROGRAMMES OFFERED**
- NRTI commenced operations in AY 2018-19 with the first batch of 100 undergraduate students in BBA and BSc Programmes.
- Governed by an eminent Board of Management consisting of leading academicians and industry professionals.
- Highly accomplished Faculty from the best of the Institutions
- Programmes incorporate 21st century skills: communication, critical thinking and collaboration
- Opportunity for project-based learning at Railway establishments and industry.
- Fully residential undergraduate Programmes with modern hostels for boys and girls.
- Financial aid up to 100% tuition and 50% hostel fee for eligible students.
**Note - For details and to apply, please visit NRTI website: www.nrti.edu.in**
001

**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021
**सूचना**
शेयरधारकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि एसबीआई के शेयर का अंकित मूल्य रु. 10 से विभक्त करके रु. 1 करने की प्रक्रिया में बैंक द्वारा जारी शेयर प्रमाण-पत्र, जिनका अंकित मूल्य रु. 10 है, दिनांक 22 नवंबर 2014 से प्रभावी होकर अमान्य हो गए हैं. इस संबंध में दिनांक 05.11.2014 को भारत के राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी. तदनुसार, सभी उद्देश्यों से, इस सूचना में दिए गए शेयरों के विवरण रु. 1 अंकित मूल्य के शेयर प्रमाण-पत्रों के हैं. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्न उल्लेखित प्रतिभूतियों के लिए शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र पंजीकृत धारक/धारकों से उक्त शेयर/बॉण्ड की नियत अवधि में उपयुक्त रूप से पूर्णकृत अंतरण अनुबंध(धों) के साथ/बिना गुम/खो गए हैं और उन्होंने बैंक को उनके नाम से डुप्लिकेट शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है. कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयर/बॉण्ड के संबंध में कोई दावा है, उसे ऐसा कोई भी दावा बैंक के अंतरण अभिकर्ता, मे. एलेंकिट असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालाँ एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110055, (ई-मेल आईडी: sbi.igr@alankit.com) पर इस तिथि से 7 दिनों के भीतर के पास दर्ज करवाना चाहिए, अन्यथा, बैंक द्वारा किसी भी आगामी सूचना के बिना, डुप्लिकेट शेयर बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी.
**भारतीय स्टेट बैंक**

| क्र. सं. | फोलियो सं. | धारक(कों) का नाम | शेयरों की संख्या | प्रमाणपत्र संख्या | | विशिष्ट संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | से | तक |
| 1 | 07106530 | नीता विश्वास सोनवणे | 600 | 229728 | 229728 | 7460766941 | 7460767540 |
| 2 | 07105005 | मुनि लाल सिंह प्रतिवा सिंह | 600 | 228987 | 228987 | 7460467031 | 7460467630 |
| 3 | 03088778 | रेखा मेथी | 500 | 211803 | 211803 | 7453597261 | 7453597760 |
| 4 | 02098285 | वर्गीज जॉर्ज | 500 | 172124 | 172124 | 7432987761 | 7432988260 |
| 5 | 01460607 | डी नरेशकुमार | 500 | 133970 | 133970 | 7413324771 | 7413325270 |
| 6 | 01547122 | हेमांशु पारेख | 1500 | 139563 | 139563 | 7416246721 | 7416248220 |
| 7 | 02024586 | प्रभात कुमार | 500 | 168776 | 168776 | 7431239841 | 7431240340 |
| 8 | 00700018 | तापस कुमार दत्ता | 500 | 25597 | 25597 | 7378945751 | 7378946250 |
| 9 | 01952389 | एस आर श्रीविद्या | 500 | 165513 | 165513 | 7429556611 | 7429557110 |
| 10 | 01631443 | सुप्रिया पेठाड शाह पेठाड रायचंद शाह | 500 | 146172 | 146172 | 7419728661 | 7419729160 |
| 11 | 01648756 | प्रदीप शिवराम पाटील डॉ भारती प्रदीप पाटील | 1200 | 148214 | 148214 | 7420771471 | 7420772670 |
| 12 | 07305211 | नागराजा सेट्टी के जी | 915 | 6105230 | 6105230 | 7983226518 | 7983227432 |
| 13 | 05104297 | एस तमिलसेल्वी | 820 | 9045176 | 9045177 | 7392915101 | 7392915920 |
| 14 | 01547124 | कांतलाल पारेख | 1500 | 139565 | 139565 | 7416249721 | 7416251220 |
| 15 | 01506785 | वीर सिंह चौहान रीता चौहान | 500 | 137071 | 137071 | 7414938891 | 7414939390 |
| 16 | 00762945 | सुदेश सूद ए सी सूद | 650 | 48646 | 48646 | 7385035841 | 7385036490 |
| 17 | 07121573 | आरती प्रसाद साखलकर | 400 | 236333 | 236333 | 7463636761 | 7463637160 |
| 18 | 00764118 | गुरुदीन | 600 | 48945 | 48945 | 7385114081 | 7385114680 |
| 19 | 01024288 | विवेक कुमार जैन | 4000 | 23618<br>110202 | 23622<br>110202 | 7378257531<br>7400533741 | 7378260030<br>7400535240 |
| 20 | 01138757 | मनोज कुमार सिंह | 500 | 118606 | 118606 | 7405584431 | 7405584930 |
| 21 | 07110202 | धर्मवीर सिंह गुर्जर | 400 | 231354 | 231354 | 7461451051 | 7461451450 |

उपरोक्त आँकड़े स्टॉक विभक्ति के परिणामस्वरूप रु. 1/- के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).
स्थान: मुंबई
दिनांक: 20.04.2022
शेयरों की संख्या: 17685
प्रमाण पत्रों की संख्या: 27
महाप्रबंधक (शेयर एवं बांड)